हरिभूमि
वनांचल भूमि
रायपुर, सोमवार 7 सितंबर 2026
बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

10 35 लाख के 151 गुम मोबाइल कोण्डागांव...

10 पुलिस का अभियान : बुजुर्गों को किया...

खबर संक्षेप

पोर्टेबल एक्स-रे मशीन से हुई 85 ग्रामीणों की जांच

जगदलपुर। राष्ट्रीय क्षय निवारण कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य विभाग के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय बसाक एवं क्षय नियंत्रण अधिकारी डॉ. सीआर मैत्री के दिशा निर्देश से शनिवार को ग्राम पंचायत पोटियावंड में विशेष शिविर लगाया गया। शिविर में आधुनिक हैंड हेल्ड पोर्टेबल एक्स-रे मशीन के जरिए रिकार्ड 85 ग्रामीणों की मुफ्त जांच की गई। इस कार्य में मितानिनों ने घर-घर दस्तक देकर ग्रामीणों को प्रेरित किया। शिविर में एसटीएलएस दिपेश्वर साहू, वीपीएम रामजी गुप्ता, कुमारी दिलेश्वरी कश्यप, चंद्रिका, कुंती नाग, मोहन सिंह, मोनिका नाग आदि शामिल रहे।

विशेष वेंडर विकास कार्यक्रम 8 सितंबर को

जगदलपुर। बस्तर के उद्यमियों के लिए एक दिवसीय विशेष उद्यमी जागरूकता एवं वेंडर विकास कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 8 सितंबर को सुबह 9:30 बजे से वीर सावरकर कम्युनिटी हॉल में संपन्न होगा। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बस्तर क्षेत्र के अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति वर्ग के सूक्ष्म एवं लघु उद्यमियों को केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और सरकारी विभागों के साथ सीधे जोड़ना है। इसके जरिए उद्यमियों को केंद्र सरकार की सार्वजनिक खरीद नीतियों, व्यापारिक अवसरों और वेंडर विकास की प्रक्रियाओं से अवगत कराया जाएगा। नेशनल एससी-एसटी हब भुवनेश्वर के उप महाप्रबंधक एवं प्रभारी एसके साहा ने बस्तर जिले के समस्त पात्र उद्यमियों से इस मंच का भरपूर लाभ उठाने का आह्वान किया है।

मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन यात्रा का अवसर

जगदलपुर। मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन यात्रा योजना के तहत बस्तर जिले के वरिष्ठ नागरिकों (60 वर्ष या अधिक) और विधवा व परित्यक्त महिलाओं (18 से 59 वर्ष) के लिए अक्टूबर और नवंबर 2026 में विशेष तीर्थ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। समाज कल्याण विभाग के अनुसार जिले के 450 पात्र श्रद्धालुओं को तीन चरणों में निःशुल्क दर्शन कराए जाएंगे। शासकीय कर्मचारी और पूर्व में लाभ ले चुके व्यक्ति इसके पात्र नहीं होंगे। प्रथम चरण में 6 से 9 अक्टूबर तक 394 यात्री गंगासागर, बिरला मंदिर व कालीघाट जाएंगे। इसके आवेदन की अंतिम तिथि 25 सितंबर है। दूसरे चरण में 10 से 15 नवंबर तक 28 श्रद्धालु अमृतसर स्वर्ण मंदिर, वैष्णो देवी व वाघा बॉर्डर जाएंगे। इसके आवेदन अंतिम तिथि 30 अक्टूबर है। अंतिम चरण में 27 नवंबर से 1 दिसंबर तक 28 यात्रियों का दल बोधगया, सारनाथ व नालंदा जाएगा। इसके आवेदन की अंतिम तिथि 16 नवंबर है।

कृषि मंडी परिसर में ही बिकेंगी गणेश प्रतिमाएं

जगदलपुर। गणेश उत्सव को लेकर नगर पालिक निगम प्रशासन ने शहर में छोटी एवं घरों में स्थापित की जाने वाली गणेश प्रतिमाओं के विक्रय के लिए कृषि मंडी परिसर को निर्धारित किया है। रविवार को निगम सभाकक्ष में महापौर संजय पांडे, निगम आयुक्त प्रवीण वर्मा, मेयर-इन-काउंसिल के सदस्यों तथा कलाकार कल्याण संघ के संभागीय अध्यक्ष प्रहलाद राजपूत की उपस्थिति में मूर्तिकारों की विशेष बैठक आयोजित कर इस स्थल पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। कलाकारों ने प्रतिमा विक्रय के लिए एक निर्धारित स्थल उपलब्ध कराने के इस फैसले का स्वागत किया। बैठक में प्रतिमा विक्रय के दौरान आवश्यक व्यवस्थाओं, कलाकारों की सुविधा और पर्यावरण संरक्षण को लेकर शेष पेज 10 पर

जेसीआई की साइकिल रेस में चिराग प्रथम और रियांशी बनीं गर्ल्स चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

जेसीआई द्वारा युवाओं में फिटनेस, पर्यावरण संरक्षण और सड़क सुरक्षा की चेतना जागृत करने के उद्देश्य से 'साइकिल रेस 2.0 - राइड एंड लीड' का भव्य आयोजन किया गया। इस रेस में विभिन्न विद्यालयों के 450 से अधिक छात्र-छात्राओं और उनका मनोबल बढ़ाने के लिए बस्तर पुलिस के 150 से अधिक जवानों व अधिकारियों ने एक साथ साइकिल चलाई। आयोजन का मूल ध्येय युवा पीढ़ी को मोबाइल स्क्रीन से दूर कर खेल मैदान की ओर लाना था।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महापौर संजय पांडे, एसपी शलभ सिन्हा, चेम्बर अध्यक्ष श्याम सोमानी और पूर्व विधायक रेखचंद जैन ने हरी झंडी दिखाकर रेस का शुभारंभ किया। अतिथियों ने बच्चों को पढ़ाई के साथ नियमित खेलकूद को जीवन का हिस्सा बनाने की सीख दी। एसपी ने बच्चों को साइबर सिक्योरिटी, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग और डिजिटल फ्रॉड से बचाव के टिप्स दिए। जेसीआई द्वारा प्रतिभागियों की सुरक्षा के लिए, उच्च गुणवत्ता वाले हेलमेट, सचल एंबुलेंस, फर्स्ट-एड और सुगम ट्रैफिक की व्यवस्था की गई थी।

अतिथियों ने फिटनेस व साइबर सुरक्षा का दिया संदेश

बच्चों और बस्तर पुलिस के जवानों ने चलाई साइकिल

विजेता किए गए पुरस्कृत

समापन समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। चिराग ठाकुर ने प्रथम (11,000 रुपए व मैडल), दक्ष जिजराज ने द्वितीय (7,001 रुपए व मैडल) और श्रेयांश विश्वकर्मा ने तृतीय (5,001 रुपये व मेडल) स्थान प्राप्त किया। गर्ल्स कैटेगरी में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली रियांशी को स्पोर्ट्स साइकिल दी गई। इसके साथ ही 10 होनहार छात्र-छात्राओं को पूर्व विधायक व वर्तमान विधायक किरण सिंह देव की ओर से विशेष सांत्वना पुरस्कार दिए गए। कार्यक्रम का मंच संचालन विशाल दुल्हानी ने किया।

इन्होंने किया मार्गदर्शन

यह आयोजन जेसीआई अध्यक्ष नितिन खत्री एवं सचिव यश पी. बोथरा के मार्गदर्शन और प्रोग्राम डायरेक्टर गौरव डिडिया, अभिषेक राव व अक्षय गुप्ता के तालमेल से सफल रहा। संस्था ने जिला प्रशासन, बस्तर पुलिस, स्कूलों व मीडिया का आभार जताया।

शासकीय विभागों के कार्यालयों पर 1.72 अरब का बिजली बिल बकाया

सरकारी दफ्तरों के 439 कनेक्शन काटे 50 विभागों से 11.67 लाख रुपए वसूल

शासकीय विभागों पर लंबे समय से बकाया बिजली बिलों को लेकर विद्युत कंपनी ने अब सख्त रुख अपना लिया है। बकाया राशि जमा नहीं करने वाले शासकीय कार्यालयों के विद्युत कनेक्शन काटने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

विद्युत कंपनी की ओर से संबंधित विभागों को नोटिस जारी कर लंबित बिजली बिलों का भुगतान करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके बावजूद बड़ी संख्या में शासकीय कार्यालयों पर 1.72 अरब रुपए से अधिक का बिजली बिल बकाया है। विद्युत कंपनी के डिस्कनेक्शन अभियान के तहत बस्तर संभाग के सातों जिलों में बकाया राशि के चलते अब तक 439 शासकीय कनेक्शन काटे जा चुके हैं। इन कनेक्शनों पर एक करोड़ 28 लाख 53 हजार 998 रुपए की राशि बकाया थी।

कार्रवाई के दौरान 50 बकायादार शासकीय विभागों से 11 लाख 67 हजार रुपए की वसूली भी की गई है। हालांकि डिस्कनेक्शन और वसूली की कार्रवाई के बाद भी शासकीय विभागों पर बकाया राशि का आंकड़ा काफी बड़ा है। संभाग के सातों जिलों में शासकीय विभागों के 19 हजार 880 बिजली कनेक्शन हैं। इन कनेक्शनों पर लगभग एक अरब 72 करोड़ 61 लाख 16 हजार रुपए बिजली बिल बकाया है। लंबे समय से भुगतान नहीं होने के कारण विद्युत कंपनी ने अब विभागवार बकाया की समीक्षा कर कार्रवाई तेज कर दी है।

डिस्कनेक्शन अभियानः बकायादार निजी उपभोक्ताओं पर भी सख्ती

अलग खबर

निजी उपभोक्ता पर कसा शिकंजा

बताया जा रहा है कि इसके अलावा निजी उपभोक्ताओं से 5 करोड़ 22 लाख 56 हजार 381 रुपए बकाया के चलते 3292 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए हैं। बकायादार 1670 निजी उपभोक्ताओं से 2 करोड़ 67 लाख 25 हजार 044 रुपए वसूल किया गया।

स्मार्ट मीटर से रिचार्ज पर बिजली

विद्युत कंपनी जगदलपुर वृत्त के अधीक्षण अभियंता केव्ही मैथ्यू ने बताया कि शासकीय विभागों में स्मार्ट मीटर लगाए हैं। स्मार्ट मीटर व्यवस्था लागू होने के बाद संबंधित शासकीय कार्यालयों को रिचार्ज के आधार पर बिजली आपूर्ति की जा रही है। इससे बकाया राशि को नियंत्रित करने और बिजली खपत के अनुरूप भुगतान सुनिश्चित करने की व्यवस्था बनाई गई है। कंपनी का प्रयास है कि शासकीय कार्यालय समय पर बिजली बिल का भुगतान करें, ताकि लंबे समय तक बकाया की स्थिति निर्मित न हो।

नोटिस के बाद भी भुगतान नहीं तो कटेगा कनेक्शन

विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक टीके मेश्राम ने बताया कि बकायादार शासकीय कार्यालयों को नोटिस देकर निर्धारित समय में राशि जमा करने के निर्देश दिए जा रहे हैं। भुगतान नहीं करने वाले विभागों के खिलाफ चरणबद्ध तरीके से कनेक्शन विच्छेद की कार्रवाई की जा रही है। इसके आने वाले दिनों में अन्य बकायादार शासकीय कार्यालयों पर भी कार्रवाई की जाएगी।

सीसीएसएच ने वनमंत्री के फॉलो वाहन में सवार महिला जवान को किया डिस्चार्ज

» ऑर्थोपेडिक सर्जन, न्यूरोसर्जन व मैक्सोफेशियल सर्जन ने किया इलाज

» वनमंत्री के काफिले में थे शामिल, दुर्घटनाग्रस्त होने से तीन फॉलो गार्ड हुए थे घायल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

सड़क दुर्घटना में घायल एक और महिला आरक्षक को कॉन्टिनेंटल छत्तीसगढ़ सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल से इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई है। उन्हें न सिर्फ राहत मिली है, बल्कि जीवनदान भी मिला है। विगत दिनों प्रदेश के वनमंत्री केदार कश्यप के काफिले की एक वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद घायल जवानों को बेहतर इलाज के लिए कोंडागांव जिला अस्पताल से कॉन्टिनेंटल छत्तीसगढ़ सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया था। इसमें शामिल महिला आरक्षक सुनेता उसेंडी को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। इससे पहले दो घायल जवानों को भी स्वस्थ्य होने के बाद डिस्चार्ज किया गया था। दुर्घटनाग्रस्त से महिला आरक्षक समेत तीन जवानों को गंभीर चोटें आ गई थी, इसमें सुनील कुमार मौर्य को पैर में एंकल फ्रैक्चर और राजेश नेताम का हिप डिस्लोकेशन हो चुका था, इसके अलावा उनके चेहरे पर भी चोटें आई थी। हादसे के बाद कोंडागांव जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार बाद उन्हें तत्काल कॉन्टिनेंटल छत्तीसगढ़ सुपर रिफर किया गया था, जहां उनका उपचार ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. पुष्पेंद्र सिंह राठौर, न्यूरोसर्जन डॉ. पवन बृज और मैक्सोफेशियल सर्जन डॉ. शिवानी सारंगी ने किया। वहीं महिला आरक्षक सुनेता उसेंडी को भी सिर में चोटें शेष पेज 10 पर

हालत में हुआ सुधार

वर्तमान में उनकी हालत पहले से काफी बेहतर है। डॉक्टरों ने उन्हें कुछ और समय आराम करने की सलाह दी है। कॉन्टिनेंटल सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में जटिल बीमारियों का बेहतर और सुलभ उपचार मिलने से बस्तरवासियों के लिए ये अस्पताल वरदान साबित हो रहा है।

हरी सब्जियों के बाद अब प्याज ने बढ़ाई गृहणियों की चिंता

प्याज ने बिगाड़ा रसोई का बजट 70 रुपए किलो तक पहुंचा भाव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

शहर के बाजार में प्याज के दाम लगातार बढ़ने से आम लोगों की परेशानी बढ़ गई है। प्याज की कीमत बढ़कर 60 से 70 रुपए प्रति किलो तक पहुंच गई है। अचानक बढ़े दामों का सीधा असर मध्यमवर्गीय और गरीब परिवारों की रसोई पर पड़ रहा है। गृहणियां अब रोजमर्रा के भोजन में प्याज का इस्तेमाल कम करने लगी हैं। कुछ समय पहले तक परिवार अपनी जरूरत के अनुसार एक साथ 4 से 5 किलो प्याज खरीदकर रखते थे, लेकिन अब महंगाई के कारण लोग एक-दो किलो प्याज ही खरीद रहे हैं। कई परिवारों ने तो सब्जी और अन्य व्यंजनों में प्याज की मात्रा भी कम कर दी है।

गृहणियों का कहना है कि पहले जहां महीने के बजट में प्याज की खरीद आसानी से हो जाती थी, वहीं अब इसकी कीमत बढ़ने से घरेलू खर्च का संतुलन बिगड़ रहा है। बाजार में पहले से ही हरी सब्जियों के बढ़े हुए दाम लोगों को परेशान कर रहे हैं। ऐसे में प्याज की कीमत में तेजी ने रसोई का खर्च और बढ़ा दिया है। रोज कमाने-खाने वाले परिवारों के लिए इसका असर और अधिक दिखाई दे रहा है। सीमित आय में परिवारों को भोजन की दूसरी जरूरतों में कटौती कर प्याज खरीदना पड़ रहा है। व्यापारियों के अनुसार बाजार में प्याज की कीमत में तेजी के पीछे आवक और आपूर्ति से जुड़ी परिस्थितियां प्रमुख कारणों में शामिल हैं। आने वाले दिनों में यदि दाम कम नहीं हुए तो गृहणियों की परेशानी और बढ़ सकती है।

एक-दो किलो से चला रहे काम

बदला प्याज का इस्तेमाल

महंगाई का असर अब लोगों की खाने की आदतों पर भी दिखाई देने लगा है। कई घरों में सब्जियों में प्याज की मात्रा कम कर दी गई है। जिन व्यंजनों में प्याज जरूरी माना जाता है, वहां भी लोग कम मात्रा में प्याज का इस्तेमाल कर रहे हैं। गृहणियों का कहना है कि परिवार की जरूरतें पूरी करने के साथ बजट संभालना मुश्किल होता जा रहा है।

लालभाजी 20 रुपए में 6 जूड़ी में बिक रही

शहर के बाजार में टमाटर 20, कुंदरू 80, परवल 100, करेला 80, पत्तागोभी 40, फूलगोभी 100, बरबट्टी 40, भट्टा 50, आलू 20, प्याज 60-70 रुपए किलो बिक रहा है। गंवारफल्ली 30, सेम 60, खेक्सी 100, धनियापत्ती 100 रुपए प्रतिकिलो और लालभाजी 20 रुपए में 6 जूड़ी में बिक रही है।

अनादि महाराज ने दिया अहंकार त्याग -समर्पण का संदेश

गोवर्धन लीला ने श्रद्धालुओं को किया भाव-विभोर

जगदलपुर। धरमपुरा स्थित शौंडिक भवन, कंगोली में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन कथा व्यास पूज्य अनादि महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन करते हुए भक्तों को भक्ति, विनम्रता और परमात्मा के प्रति समर्पण का संदेश दिया।कथा के दौरान गोवर्धन लीला का प्रसंग विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। महाराज ने कहा कि गोवर्धन लीला मनुष्य को अहंकार त्यागकर प्रकृति, समाज और परमात्मा के प्रति कृतज्ञ रहने की प्रेरणा देता है। मनुष्य को पद, प्रतिष्ठा, सामर्थ्य और उपलब्धियों का अहंकार नहीं करना चाहिए। सच्ची भक्ति निष्काम होती है। जब मनुष्य अपने मन, कर्म और भाव को भगवान के चरणों में समर्पित कर देता है, तभी जीवन सार्थक होता है। कथा में भगवान

श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, गोपी प्रेम और निष्काम भक्ति के प्रसंगों का भी वर्णन किया गया। भजन-कीर्तन और भगवान श्रीकृष्ण के जयघोष से शौंडिक भवन का वातावरण भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालु कथा प्रसंगों में भाव-विभोर होकर भक्ति में लीन नजर आए। पूरा परिसर "राधे-राधे" और "जय श्रीकृष्ण" के जयघोष से गूंजता रहा। कथा को लेकर प्रतिदिन श्रद्धालुओं में उत्साह बना हुआ है और बड़ी संख्या में लोग कथा श्रवण के लिए पहुंच रहे हैं।

केवल बयानबाजी से नहीं छिपेंगी कमियां : चौधरी

दलपत सागर फंड का हिसाब दें महापौर

जगदलपुर। नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी ने विज्ञप्ति जारी कर दलपत सागर के उन्नयन और सफाई के नाम पर स्वीकृत 9.88 करोड़ रुपये की राशि का महापौर से सार्वजनिक रूप से पूरा हिसाब मांगा है। उन्होंने कहा कि इस स्वीकृति को सवा वर्ष बीतने के बाद भी जनता को यह नहीं बताया जा रहा है कि वास्तव में कितनी राशि प्राप्त हुई और वह किन कार्यों में खर्च की गई।

चौधरी ने सफाई अभियान पर सवाल उठाते हुए पूछा कि यदि महापौर के दावे के अनुसार नगर निगम का कोई खर्च नहीं हुआ, तो वाहनों के डीजल और कर्मचारियों के एक महीने के वेतन का भुगतान किस मद से किया गया? इसके साथ ही उन्होंने एनएमडीसी से मिलने वाली 50 लाख की राशि की आधिकारिक स्थिति स्पष्ट करने और सीएसआर व अन्य माध्यमों से प्राप्त आर्थिक सहयोग का पूरा ब्यौरा (तारीख और मद सहित) सार्वजनिक करने की मांग की। नेता प्रतिपक्ष ने महापौर द्वारा कांग्रेस कार्यकाल में किए गए कथित भ्रष्टाचार के आरोपों पर भी कड़ा ऐतराज जताया। उन्होंने कहा कि केंद्र, राज्य और निगम में ट्रिपल इंजन की सरकार होने के बावजूद केवल बयानबाजी करना जनता को भ्रमित करने का प्रयास है; यदि भ्रष्टाचार हुआ है तो तत्काल जांच कराकर दोषियों पर कानूनी कार्रवाई की जाए।

राजनीतिक षड्यंत्र छिपाने के लिए बड़े नक्सलियों को बचाया : मंडावी

झीरम कांडः जांच दिशाहीन, न्याय आधा-अधूरा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपालपटनम

विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि 25 मई 2013 को कांग्रेस की परिवर्तन यात्रा पर हुए बर्बर हमले में नंदकुमार पटेल, महेंद्र कर्मा, विद्याचरण शुक्ला और उदय मुदलियार सहित 32 नेताओं की हत्या हुई थी। इस मामले में आया फैसला आधा-अधूरा न्याय है। अदालत ने वही फैसला दिया है जो एनआईए ने अदालत के समक्ष तथ्य रखे थे। एनआईए की जांच शुरू से दिशाहीन रही है। एजेंसी ने घटना के राजनीतिक षड्यंत्र के पहलू की जांच ही नहीं की। जिन 10 लोगों को एनआईए ने गिरफ्तार किया और जिन्हें दोषी ठहराया गया है, वे छोटे नक्सली थे। इतनी बड़ी और संगठित घटना बड़े नक्सली नेतृत्व के बिना संभव नहीं थी। उन्होंने कहा कि एनआईए ने बड़े नक्सली के नाम प्रारंभिक एफआईआर में शामिल किए थे, बाद में उन्हें हटा दिया गया। प्रारंभिक एफआईआर में दो प्रमुख नक्सली नेता गणपति (मुपल्ला लक्ष्मण राव) और रमन्ना का नाम था। 21 मार्च 2014 को इनके सहित

तत्कालीन सरकार की भूमिका पर भी उठाए सवाल

झीरम मामले में भाजपा की तत्कालीन सरकार शुरू से संदिग्ध रही है। भाजपा ने जांच की दिशा भटकाने का हरसंभव प्रयास किया। तत्कालीन नेता प्रतिपक्ष धर्मलाल कौशिक न्यायिक जांच आयोग के खिलाफ स्टे लेकर आए थे। सुप्रीम कोर्ट ने छत्तीसगढ़ पुलिस की एसआईटी के पक्ष में फैसला दिया, फिर भी ढाई वर्षों में विष्णुदेव साय सरकार ने जांच शुरू नहीं की। भाजपा नहीं चाहती कि झीरम का सच सामने आए। आज फैसला आने के बाद भी बड़े नक्सली को एनआईए ने बचाया है। यह सरकार, भारतीय जनता पार्टी और एनआईए का नक्सलियों से साठ-गांठ का स्पष्ट प्रमाण है। कांग्रेस कमेटी शहीदों के परिजनों तथा घायल साथियों के साथ खड़ी है। हम मांग करते हैं कि इसकी स्वतंत्र, निष्पक्ष और संपूर्ण जांच हो।

26 फरार आरोपियों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किए गए थे, लेकिन सितंबर 2014 की अंतिम चार्जशीट से नाम हटा दिए गए। एनआईए की प्रारंभिक जांच में देवा (बारसे सुक्का) का नाम शामिल था, पर उससे भी पूछताछ नहीं हुई। उक्त बातें छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी बीजापुर द्वारा जिला मुख्यालय में प्रेस वार्ता शेष पेज 10 पर

घटना की साजिश का पर्दाफाश नहीं हुआ

विधायक ने कहा कि इस फैसले से घटना की साजिश का पर्दाफाश नहीं हुआ है। कांग्रेस की परिवर्तन यात्रा की सुरक्षा क्यों हटाई गई थी? यात्रा के मार्ग को किसने और क्यों बदलवाया था? हमले की योजना किसने बनाई थी? घटना के प्रत्यक्षदर्शी और घायल पीड़ितों के बयान तक नहीं लिए गए। हत्याकांड के हफ्तों बाद भी शहीदों और घायलों के दस्तावेज बिखरे पड़े रहे। किसी का भी मोबाइल जब्त नहीं किया गया। एनआईए ने छत्तीसगढ़ सरकार की पुलिस द्वारा गठित एसआईटी को जांच से क्यों रोका? तत्कालीन मुख्यमंत्री, गृहमंत्री, मुख्य सचिव, डीजीपी और एडीजी (नक्सल) से क्या पूछताछ की?

खबर संक्षेप

पूर्व सैनिकों के निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण केंद्र में मनाया शिक्षक दिवस

कोण्डागांव। विकास नगर स्टेडियम कोण्डागांव में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद द्वारा संचालित निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण केंद्र में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास और गरिमामय माहौल में मनाया गया। प्रशिक्षण ले रहे युवक–युवतियों ने अपने मार्गदर्शक पूर्व सैनिकों के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए कार्यक्रम को यादगार बनाया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रशिक्षणार्थियों ने पूर्व सैनिक गुरुओं के स्वागत गीत से की। इसके बाद तिलक लगाकर, पुष्पवर्षा कर एवं बुके भेंट कर गुरुओं का सम्मान किया गया। पूर्व सैनिकों ने केक काटकर प्रशिक्षणार्थियों के साथ शिक्षक दिवस मनाया। प्रशिक्षणार्थियों ने शिक्षक दिवस के महत्व पर अपने विचार व्यक्त करते हुए प्रभावशाली भाषण दिए। इस दौरान देशभक्ति एवं गुरु–शिष्य परंपरा पर आधारित गीत और कविताओं की प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में उत्साह का संचार किया। पूर्व सैनिक गुरुओं के लिए विशेष खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। इनमें फिल्म एवं गाना पहचानने का पर्ची खेल तथा आंखों पर पट्टी बांधकर मटका फोड़ प्रतियोगिता प्रमुख रही। प्रशिक्षणार्थियों ने अपने गुरुओं को सम्मान स्वरूप नारियल और कलम भी भेंट की।

पेज 09 के शेष

सीसीएसएच ने..

आई थीं, जिनका उपचार न्यूरोसर्जन डॉ. पवन बृज ने किया। महिला आरक्षक सुगंतीन उसेंडी को उपचार के बाद कॉन्टिनेंटल छत्तीसगढ़ सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में बेहतर स्वास्थ्य लाभ मिला। इसके बाद उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया है।

झीरम कांड...

संबोधित करते हुए विधायक ने कहीं। उन्होंने कहा कि झीरम घाटी हत्याकांड में शामिल और फरार घोषित कई प्रमुख नक्सलियों ने समय-समय पर आत्मसमर्पण किया है। इनमें 25 लाख रुपये का ईनामी चैतू उर्फ श्याम दादा, रूपेश उर्फ मोल्ला राजिरड्डी, 20 लाख रुपये की ईनामी निर्मला उर्फ सुमित्रा शामिल हैं। इनके अलावा 1 करोड़ रुपये के ईनामी भूपति उर्फ सोनू दादा ने गढ़चिरौली में और केंद्रीय समिति सदस्य सुजाता ने सितंबर 2025 में तेलंगाना में समर्पण किया। एनआईए ने इनसे पूछताछ कब की? क्या एजेंसी ने इन्हें निर्दोष मान लिया है? प्रेसवार्ता में लालू राठौर, शंकर कुड़ियम, आर. वेणुगोपाल राव, प्रवीण डोंगरे, राजेश जैन, ज्योति कुमार और जितेंद्र हेमला सहित कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

कृषि मंडी परिसर में...

विस्तृत चर्चा हुई। निगम प्रशासन ने यह स्पष्ट कर दिया है कि परिसर में जरूरी बुनियादी व्यवस्थाएं निगम द्वारा की जाएंगी, लेकिन प्रतिबंधित प्लास्टर ऑफ पेरिस से निर्मित प्रतिमाओं की बिक्री पर पूरी तरह से सख्ती बरती जाएगी। प्रशासन ने कड़ी चेतावनी दी है कि बाहरी प्रदेशों से प्रतिबंधित पीओपी की मूर्तियां शहर में लाकर बेचने का प्रयास किए जाने पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। सीमाओं और बाजारों में जांच के दौरान यदि प्रतिबंधित प्रतिमाएं पाई जाती हैं, तो नगर निगम एवं पर्यावरण विभाग द्वारा संयुक्त रूप से नियमानुसार सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

ये रहे उपस्थित: इस महत्वपूर्ण बैठक में मूर्तिकार संघ के सदस्यों सहित जागेश्वर कुंभकार, पवन कुंभकार, तरुण, माहेश्वर, रामेश्वर, रोमित, जयकिशन, गोपाल, संतोष, जीतेन्द्र, तुषार एवं समाजसेवी आशीष कोटक सहित बड़ी संख्या में स्थानीय कलाकार उपस्थित रहे।

पुलिस का अभियान : बुजुर्गों को किया साइबर ठगी से बचाव के प्रति जागरूक

50 से अधिक पेंशनधारियों एवं सीनियर सिटीजनों ने लिया कार्यक्रम में हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

पुलिस द्वारा 15 अगस्त से 2 अक्टूबर 2026 तक चलाए जा रहे विशेष "साइबर जागृति अभियान—साइबर क्राइम मुक्त छत्तीसगढ़" के तहत समाज के हर वर्ग को जागरूक किया जा रहा है। कोंडागांव जिले की फरसगांव पुलिस ने स्थानीय कर्मचारी भवन में पेंशनधारियों और सीनियर सिटिजनों के लिए एक विशेष साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। वरिष्ठ जिला पुलिस अधीक्षक कोंडागांव पंकज चंद्रा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कपिल चंद्रा के मार्गदर्शन एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अभिनव उपाध्याय के कुशल पर्यवेक्षण में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में थाना प्रभारी फरसगांव, निरीक्षक चंद्रशेखर श्रीवास एवं उनके थाना स्टाफ ने उपस्थित बुजुर्गों को वर्तमान समय में तेजी से बढ़ रहे साइबर अपराधों के नए-नए तौर-तरीकों के प्रति सचेत किया।

कार्यक्रम में 50 से अधिक पेंशनधारी एवं सीनियर सिटीजन शामिल हुए। पुलिस टीम ने बताया कि साइबर ठग इन दिनों बुजुर्गों और पेंशनभोगियों को खासतौर पर अपने जाल में फंसा रहे हैं। ठग खुद को बैंक, ट्रेजरी या किसी अन्य सरकारी विभाग का अधिकारी बताकर फोन या व्हाट्सएप पर संपर्क करते हैं। वे पेंशन वेरिफिकेशन, जीवन प्रमाण पत्र अपडेट, केवाईसी या बैंक खाते को आधार लिंक करने का झांसा देते हैं। फर्जी लिंक के जरिए ओटीपी, पासवर्ड व अन्य गोपनीय जानकारी हासिल कर ठगी को अंजाम देते हैं। इसके अलावा, ठग प्रलोभन देकर लोगों के मोबाइल सिम और बैंक खातों का गलत इस्तेमाल करने का भी प्रयास करते हैं। पुलिस ने ऐसे किसी भी लालच या प्रलोभन में न आने की सख्त समझाइश दी।

पुलिस की महत्वपूर्ण सलाह व बचाव के उपाय

पुलिस ने नागरिकों से बरतने की अपील की है। किसी भी अनजान लिंक, एपीके फाइल या क्यूआर कोड पर क्लिक या स्कैन बिल्कुल न करें। बैंक, ट्रेजरी या कोई भी सरकारी विभाग फोन पर कभी भी ओटीपी, सीवीवी या पासवर्ड नहीं मांगता है। पेंशन से जुड़े किसी भी कार्य के लिए सीधे संबंधित बैंक या ट्रेजरी कार्यालय में जाकर ही संपर्क करें। अनजान नंबरों से आने वाली वीडियो कॉल रिसीव करने से बचें।

क्यूआर कोड स्कैन कर लिया जागरूकता का संकल्प

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित नागरिकों से साइबर जागरूकता क्यूआर कोड स्कैन करवाकर सेल्फी ली गई, जिसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपलोड किया गया। साथ ही, नागरिकों को 'साइबर जागरूकता प्रशंसा प्रमाण पत्र' भी जारी किए गए। इस दौरान सभी ने साइबर अपराधों से खुद को बचाने और समाज के अन्य लोगों को भी जागरूक करने की सामूहिक शपथ ली।

बुजुर्गों के साथ परिवार भी रहे सतर्क

कार्यक्रम के अंत में फरसगांव पुलिस ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे स्वयं साइबर अपराधों के प्रति जागरूक रहें। अपने परिवार, रिश्तेदारों एवं आस-पड़ोस के बुजुर्गों को भी साइबर ठगी के नए तरीकों और उससे बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दें। पुलिस ने कहा कि साइबर अपराध के विरुद्ध जागरूकता ही सबसे मजबूत सुरक्षा है और सामूहिक प्रयास से ही "साइबर क्राइम मुक्त छत्तीसगढ़" के संकल्प को साकार किया जा सकता है।

राज्य के विभिन्न जिलों और सीमावर्ती राज्यों से बरामद किए मोबाइल

35 लाख के 151 गुम मोबाइल कोण्डागांव पुलिस ने मालिकों को लौटाए, खिले चेहरे

गुम एवं चोरी हुए मोबाइल फोन की बरामदगी के लिए पुलिस द्वारा चलाए गए विशेष अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस की तकनीकी टीम ने लगातार प्रयास करते हुए 151 गुम मोबाइल फोन बरामद किए हैं, जिनकी अनुमानित कुल कीमत करीब 35 लाख रुपये बताई गई है। बरामद मोबाइल उनके वास्तविक मालिकों को वापस सौंपे गए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

पुलिस अधीक्षक पंकज चन्द्रा के निर्देशन में चलाए गए अभियान के दौरान तकनीकी टीम ने गुम मोबाइलों की लगातार तलाश की। तकनीकी माध्यमों से मोबाइल फोन की जानकारी एवं उनके उपयोग किए जा रहे स्थानों का पता लगाया गया। जांच के दौरान कई मोबाइल फोन छत्तीसगढ़ के अलग–अलग जिलों के साथ–साथ सीमावर्ती राज्यों में उपयोग किए जाने की जानकारी सामने आई। संबंधित स्थानों पर समन्वय स्थापित कर पुलिस ने इन मोबाइलों को बरामद किया।

नागरिकों ने पुलिस का जताया आभार

एसपी ने वास्तविक मालिकों को सौंपे मोबाइल

बरामद किए गए 151 मोबाइल फोन पुलिस अधीक्षक पंकज चन्द्रा द्वारा उनके वास्तविक मालिकों को सुपुर्द किए गए। लंबे समय बाद अपना मोबाइल वापस मिलने पर नागरिकों के चेहरे पर खुशी नजर आई। लोगों ने कोण्डागांव पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना करते हुए पुलिस अधिकारियों और तकनीकी टीम का आभार व्यक्त किया। मोबाइल वितरण कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक ने नागरिकों को बढ़ते साइबर अपराध और ऑनलाइन ठगी के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि साइबर अपराधी लगातार नए–नए तरीकों का इस्तेमाल कर लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं। ऐसे में जागरूकता और सतर्कता ही साइबर अपराध से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है।

ओटीपी और यूपीआई किसी से साझा न करें

एसपी ने नागरिकों से अपील की कि वे किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ ओटीपी, यूपीआई पिन, एटीएम, डेबिट कार्ड की जानकारी, पासवर्ड अथवा बैंक से संबंधित गोपनीय जानकारी साझा न करें।

ठगी होते ही 1930 पर करें शिकायत

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति साइबर ठगी का शिकार हो जाता है तो उसे समय गंवाए बिना तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत करनी चाहिए। साथ ही नजदीकी पुलिस थाने को भी घटना की सूचना देने की अपील की गई।

मोबाइल गुम होने पर उम्मीद न छोड़ें

पुलिस ने नागरिकों को संदेश दिया कि मोबाइल गुम या चोरी होने के बाद उसे वापस पाने की उम्मीद नहीं छोड़नी चाहिए। पुलिस की तकनीकी टीम उपलब्ध जानकारी के आधार पर मोबाइल को ट्रेस करने का लगातार प्रयास करती है। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि मोबाइल गुम अथवा चोरी होने पर तत्काल पुलिस को सूचना दें तथा मोबाइल का आईएमईआई नंबर और खरीदी का बिल सुरक्षित रखें।

तकनीकी पुलिसिंग से नागरिकों को राहत

151 मोबाइल की बरामदगी और करीब 35 लाख रुपये की संपत्ति नागरिकों को वापस किया जाना पुलिस की तकनीकी प्रयासों की महत्वपूर्ण उपलब्धि है। अभियान ने न केवल लोगों को उनकी खोई संपत्ति वापस दिलाई, बल्कि साइबर अपराधों के प्रति सतर्क रहने का संदेश भी दिया।

केशकाल भाजपा कार्यालय में संकल्प कार्यशाला

जनसेवा को लेकर बनी रूपरेखा

केशकाल विधायक टेकाम ने कार्यकर्ताओं से किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में सेवा एवं समर्पण के 25 वर्षों की यात्रा को समर्पित 'सेवा संकल्प' अभियान के तहत कांकेर भाजपा कार्यालय में जिला कार्यसमिति की बैठक एवं कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में संगठनात्मक गतिविधियों के साथ आगामी सेवा एवं जनकल्याण कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

कार्यक्रम में केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने तथा जनसेवा के कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाने पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं का समाज के प्रत्येक वर्ग से सतत संपर्क और संवाद संगठन की मजबूती का आधार है। बैठक में 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित किए जाने वाले सेवा एवं जनकल्याण से जुड़े कार्यक्रमों की तैयारियों पर भी चर्चा की गई। कार्यशाला में कार्यक्रमों की रूपरेखा, कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों एवं अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने को लेकर विचार-विमर्श हुआ।

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर कांकेर लोकसभा सांसद भोजराज नाग, पूर्व सांसद मोहन मंडावी, कांकेर विधायक आशाराम नेताम, भाजपा जिला अध्यक्ष महेश जैन, पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले एवं हस्तशिल्प कला बोर्ड अध्यक्ष शालनी राजपूत सहित भाजपा के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

न्यायिक रिमांड पर भेजा जेल

नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को रिपोर्ट दर्ज होने के चंद घंटों के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

पुलिस के अनुसार, पीड़िता की पहचान मकान निर्माण कार्य के दौरान आरोपी रोमलाल शोरी (21), निवासी डोंगरीगुड़ा थाना पलारी से हुई थी। 8 मार्च को आरोपी पीड़िता को घर दिखाने के बहाने अपने साथ पलारी ले गया और डरा-धमकाकर उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया। किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई। विवेचना के दौरान पीड़िता के गर्भवती होने की बात भी सामने आई।शिकायत पर थाना कोण्डागांव में अपराध क्रमांक 276/2026 दर्ज किया गया। मामले में धारा 64(2)(एम), 351(3) बीएनएस और पॉक्सो एक्ट की धारा 4 के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। पुलिस अधीक्षक पंकज चन्द्रा के निर्देश पर एएसपी कपील चन्द्रा और एसडीओपी रूपेश कुमार के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी निरीक्षक सौरभ उपाध्याय के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने 5 सितंबर 2026 को आरोपी को उसके निवास स्थान से हिरासत में लिया। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया।

कार्रवाई में इनका रहा योगदान

पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक सौरभ उपाध्याय, पीएसआई मनीषा ग्वाल, आरक्षक अरूण नेताम, आरक्षक पुनाउ राम पटेल एवं महिला आरक्षक नेमा ध्रुव का विशेष योगदान रहा। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई की और आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालयीन प्रक्रिया के तहत जेल भेज दिया है।

रॉड से प्राणघातक हमला करने वाले दो गिरफ्तार

कोण्डागांव। थाना कोण्डागांव क्षेत्र में लोहे की रॉड से प्राणघातक हमला करने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, 5 सितम्बर 2026 को राजकमल सागर, पिता मज्जू सागर, उम्र 33 वर्ष, निवासी मेलावापदर पारा, कोण्डागांव ने थाना कोण्डागांव में रिपोर्ट दर्ज कराई। प्रार्थी ने बताया कि वह सुबह करीब 10 बजे नीलकंठ कोर्राम के घर के पास बैठा था। इसी दौरान जितेन्द्र नेताम एवं अंकित कोर्राम वहां पहुंचे और विवाद करते हुए उसके साथ झगड़ा करने लगे। विवाद के दौरान दोनों आरोपियों ने प्रार्थी के साथ मारपीट की।

आरोप है कि जितेन्द्र नेताम ने प्रार्थी को पकड़ लिया, जबकि अंकित कोर्राम ने लोहे की रॉड से उसके सिर पर प्राणघातक वार कर दिया।

शिक्षक दिवस पर बच्चों ने सीखी पारंपरिक कला और हस्तशिल्प की बारीकियां

कोण्डागांव। शासकीय प्राथमिक शाला खुटपारा सोनाबाल, संकुल सोनाबाल, तहसील मर्दापाल में शिक्षक दिवस 2026 हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में पंच रामलाल सोड़ी, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष सकीलाल नेताम, राज्य पुरस्कार विजेता भित्ति चित्रकार राजेन्द्र राव, वरिष्ठ बांस हस्तशिल्पी मनमोहन नाग सहित पालकगण एवं विद्यालय परिवार की उपस्थिति रही।

केशकाल में सामाजिक सद्भावना बैठक

आपसी सहयोग व संवाद से मजबूत होगा समाज: हरिओम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

समाज में आपसी भाईचारा, सामाजिक एकता एवं समरसता को मजबूत करने के उद्देश्य से केशकाल में सामाजिक सद्भावना बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सामाजिक विषयों पर चर्चा करते हुए समाज के विभिन्न वर्गों के बीच आपसी संवाद, सहयोग और विश्वास बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया।

बैठक के मुख्य वक्ता हरिओम शर्मा ने सामाजिक सद्भावना के महत्व पर विचार रखते हुए कहा कि समाज की मजबूती उसकी एकजुटता में निहित है। अलग-अलग विचार और परिस्थितियां होने के बावजूद सभी वर्गों के बीच आपसी सम्मान एवं भाईचारे की भावना बनी रहनी चाहिए।

सामाजिक एकता और समरसता पर दिया जोर

उन्होंने कहा कि सामाजिक सद्भाव केवल एक कार्यक्रम तक सीमित विषय नहीं है, बल्कि इसे निरंतर व्यवहार में उतारने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि समाज में संवाद की कमी से कई बार छोटी-छोटी बातें मतभेद का रूप ले लेती हैं। ऐसे में एक-दूसरे की बात सुनना, समझना और सकारात्मक संवाद बनाए रखना आवश्यक है। सामाजिक समरसता के लिए सभी वर्गों की सहभागिता जरूरी है और सामूहिक प्रयासों से ही समाज में सकारात्मक वातावरण तैयार किया जा सकता है।

समाज के लोग सुख-दुख में सहभागी बनें

बैठक में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि सामाजिक एकता किसी भी क्षेत्र के विकास की आधारशिला है। जब समाज के लोग एक-दूसरे के सुख-दुख में सहभागी बनते हैं और मिलकर सामाजिक हित के कार्य करते हैं, तो क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव की दिशा मजबूत होती है। बैठक का समापन सामाजिक सद्भावना और आपसी भाईचारे को आगे बढ़ाने के संकल्प के साथ हुआ।

ये रहे उपस्थित

वरिष्ठ पत्रकार कृष्णदत्त उपाध्याय, एस टी ओबीसी के जिलाध्यक्ष फ़रसु सलाम, नगर पंचायत अध्यक्ष बिहारी लाल शोरी, गिरिजा शंकर साहू,मुकेश साहू, एवं अन्य प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप

शिक्षक दिवस पर स्वामी आत्मानंद स्कूल में शिक्षकों का सम्मान

मद्देड़। बीजापुर जिले के भोपालपटनम विखं अंतर्गत स्वामी आत्मानंद स्कूल संगमपल्ली में शनिवार को शिक्षक दिवस का पावन पर्व अत्यंत हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षकों के अमूल्य योगदान की सराहना की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत संगमपल्ली की सरपंच मंजू वलवा, एसएमसी अध्यक्ष चिकुड़ गणपत, प्राचार्य अरब खान, सेवानिवृत्त शिक्षक तेलम, शिक्षक विजय, सतीश, दीपक, मद्देड़ थाना प्रभारी डोंगेंद्र पॉल पात्रे सहित पुलिस स्टाफ, पत्रकार और बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। समारोह के दौरान ग्रामवासियों एवं जनप्रतिनिधियों ने सेवानिवृत्त शिक्षक तेलम, प्राचार्य अरब खान एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं को शॉल एवं श्रीफल भेंट कर उनका भावभिनी अभिनंदन व सम्मान किया।

निधन

किशन पटवा

जगदलपुर। शहर के नयापारा निवासी युवा व्यवसायी किशन पटवा का निधन रायपुर में हो गया। वे अपने पीछे पत्नी, पुत्र सहित भरा पूरा परिवार छोड़ के चले गए। वे अजय पटवा, संजय पटवा, राजेन्द्र पटवा व मोतीलाल नेहरू वार्ड के पूर्व पार्षद कमल पटवा के बड़े भाई थे।

दंतेवाड़ा आने वाले दर्शनार्थियों के लिए कलेक्टर की अभिनव पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

आदि शक्ति पीठ मां दंतेश्वरी की पावन नगरी दंतेवाड़ा में दर्शन एवं पर्यटन के लिए पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए कलेक्टर देवेश ध्रुव ने स्वयं संबंधित जगहों का निरीक्षण किया ताकि

- **क्यूआर स्कैन करते ही मिलेगी ठहरने की पूरी जानकारी, बुकिंग भी होगी आसान**

माता के दर्शन करने पहुचने वाले किसी भी श्रद्धालु को असुविधा का सामना नहीं करना पड़े ।कलेक्टर देवेश ध्रुव के निर्देशन पर नगर पालिका परिषद दंतेवाड़ा ने एक सराहनीय डिजिटल पहल की है। बाहर से आने वाले दर्शनार्थियों को ठहरने के लिए उपयुक्त स्थान तलाशने में किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए नगर पालिका द्वारा क्यूआर कोड आधारित ठहरने की सुविधा शुरू की गई है। नगर पालिका द्वारा लगाए गए क्यूआर कोड को मोबाइल फोन से स्कैन करते ही दर्शनार्थियों को दंतेवाड़ा में उपलब्ध ठहरने के स्थानों की जानकारी मिल जाएगी। इसमें ठहरने की क्षमता, मंदिर से दूरी तथा संबंधित संचालकों के संपर्क नंबर जैसी आवश्यक जानकारियां शामिल हैं। इससे श्रद्धालु अपनी सुविधा और आवश्यकता के अनुसार ठहरने का स्थान चुन सकेंगे ।

एक क्लिक में मिलेगी जरूरी जानकारी

इस डिजिटल सुविधा का सबसे बड़ा लाभ यह है कि दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं को दंतेवाड़ा पहुंचने के बाद ठहरने के लिए इधर-उधर भटकने की आवश्यकता नहीं होगी। क्यूआर कोड के माध्यम से उन्हें एक ही स्थान पर उपलब्ध विकल्पों की जानकारी मिल सकेगी, जिससे समय की बचत के साथ-साथ यात्रा भी अधिक सुविधाजनक और व्यवस्थित होगी। नगर पालिका की यह पहल विशेष रूप से त्योहारों, धार्मिक आयोजनों और अधिक भीड़ वाले अवसरों पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए उपयोगी साबित होगी। डिजिटल तकनीक के माध्यम से स्थानीय सुविधाओं को श्रद्धालुओं तक सीधे पहुंचाने की यह पहल दंतेवाड़ा को अधिक सुविधाजनक और पर्यटक-अनुकूल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

श्रद्धालुओं की सुविधा पहली प्राथमिकता : सीएमओ

मुख्य नगर पालिका अधिकारी अरुण कुमार ध्रुव ने कहा कि दंतेवाड़ा आने वाले दर्शनार्थियों एवं पर्यटकों की सुविधा नगर पालिका की प्राथमिकता मानते हुए कहा कि पिछले कुछ समय से दंतेवाड़ा आने वाले श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों की संख्या में वृद्धि हुई है। इसे देखते हुए उनके ठहरने और आवश्यक जानकारी को आसानी से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से क्यूआर स्कैन सुविधा शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि क्यूआर कोड स्कैन कर श्रद्धालु अपनी सुविधा के अनुसार ठहरने के स्थान की जानकारी प्राप्त कर संबंधित संचालक से सीधे संपर्क कर सकते हैं। इससे उन्हें ठहरने की व्यवस्था करने में काफी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा, "माई दंतेश्वरी की पावन नगरी में आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु को सुविधाजनक, सुरक्षित और सुखद अनुभव मिले, यही नगर पालिका की प्राथमिकता और जिम्मेदारी है।"नगर पालिका की यह पहल धार्मिक नगरी दंतेवाड़ा में डिजिटल सुविधा और बेहतर नागरिक सेवाओं की दिशा में एक सकारात्मक कदम है, जो बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए यात्रा को और अधिक सुगम बनाने में मददगार साबित होगी।

शिक्षा ऐसी पूंजी है, जिसे कोई हमसे छीन नहीं सकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

सोशल मीडिया को लेकर कहा कि इसका उपयोग बंद करने की जरूरत नहीं है, बल्कि सही दिशा में करने की आवश्यकता है। युट्युब, गुगल जैसे माध्यम पढ़ाई और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में उपयोगी हो सकते हैं। उक्त बातें शिक्षक दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में महिला आयोग की सदस्य सुश्री दीपिका सोरी ने कही।

कभी नक्सलवाद और दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों के लिए पहचाने जाने वाले सुकमा में शिक्षा

- **बच्चे आईआईटी, मेडिकल और प्रशासनिक सेवाओं में बनाएं पहचान: कलेक्टर**

की अलख जगाने वाले शिक्षकों को शिक्षक दिवस पर सम्मान और सलाम मिला। शुक्रवार को जिला मुख्यालय स्थित ऑडिटोरियम में भारत के पूर्व राष्ट्रपति एवं महान शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती शिक्षक दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने दीप प्रज्वलन और मां सरस्वती की वंदना के साथ किया। इस दौरान परियोजना अध्यक्ष कुसुमलता कवासी, नपा अध्यक्ष हुंगाराम मरकाम, जिपं सदस्य गीता कवासी, नपा उपाध्यक्ष भुवनेश्वरी यादव, जपं अध्यक्ष संतोष ईडो सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

जहां पहुंचना मुश्किल वहां पहुंचे शिक्षक

कार्यक्रम में शिक्षकों के योगदान को रेखांकित करते हुए कलेक्टर अमित कुमार ने कहा कि शिक्षक केवल एक पद नहीं, बल्कि एक मिशन है। उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति एवं महान वैज्ञानिक डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम का उदाहरण देते हुए कहा कि देश ने उन्हें मिसाइल मैन, वैज्ञानिक और राष्ट्रपति के रूप में जाना, लेकिन जब उनसे पूछा गया कि वे किस रूप में याद किया जाना चाहते हैं, तो उन्होंने एक अच्छे शिक्षक के रूप में याद किए जाने की इच्छा जताई। कलेक्टर ने कहा कि डॉ. कलाम ने राष्ट्रपति पद छोड़ने के बाद अपना जीवन बच्चों और युवाओं को प्रेरित करने में लगा दिया और अंतिम समय में भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए दुनिया से विदा हुए। कलेक्टर ने कहा कि सुकमा में शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाए रखना आसान नहीं रहा है। राजधानी से दूरी, जंगल, नदी-नाले, कठिन रास्ते और लंबे समय तक नक्सलवाद के प्रभाव के बीच शिक्षकों ने अपने कर्तव्य से पीछे हटने के बजाय बच्चों तक शिक्षा पहुंचाई। कई शिक्षक आज भी बरसात के दिनों में नदी-नाले पार कर स्कूल पहुंचते हैं। उन्होंने कहा कि कई शिक्षकों ने अपने दायित्व को केवल पढ़ाने तक सीमित नहीं रखा। एक शिक्षक ने उन्हें बताया कि बरसात में गांव के मुख्यधारा से कट जाने की स्थिति में ग्रामीणों की मदद के लिए उन्होंने प्राथमिक उपचार से संबंधित प्रशिक्षण लिया है। यह बताता है कि सुकमा के शिक्षक किस समर्पण के साथ अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं।

लक्ष्य तय करें, सोशल मीडिया को साधन बनाएं

महिला आयोग की सदस्य दीपिका सोरी ने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर लगातार मेहनत करने की सीख दी। जीवन में कोई व्यक्ति 24 घंटे हमारे साथ नहीं रह सकता, लेकिन हमारे पास हर दिन 24 घंटे और साल में 365 दिन होते हैं। इसलिए बच्चों को तय करना होगा कि उन्हें जीवन में क्या बनना है। उन्होंने सोशल मीडिया को लेकर कहा कि इसका उपयोग बंद करने की जरूरत नहीं है, बल्कि सही दिशा में करने की आवश्यकता है। युट्युब, गुगल जैसे माध्यम पढ़ाई और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में उपयोगी हो सकते हैं। बच्चों को यह तय करना होगा कि वे सोशल मीडिया का उपयोग कर रहे हैं या सोशल मीडिया उनका उपयोग कर रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षा ऐसी पूंजी है, जिसे कोई हमसे छीन नहीं सकता।

बस्तर के शिक्षकों ने लोकतंत्र को भी मजबूत किया

पुलिस अधीक्षक मयंक गुर्जर ने कहा कि शिक्षक केवल किताबों का ज्ञान नहीं देते, बल्कि व्यक्तित्व का निर्माण करते हैं और सही-गलत की पहचान कराते हैं। उन्होंने नक्सल प्रभावित बस्तर में शिक्षकों के योगदान को विशेष रूप से याद करते हुए कहा कि कठिन परिस्थितियों में भी शिक्षकों ने शिक्षा की ज्योत जलाए रखी। कई शिक्षकों ने कर्तव्य निभाते हुए अपनी जान तक गंवाई। उन्होंने ऐसे शहीद शिक्षकों को श्रद्धापूर्वक नमन किया। एसपी ने कहा कि बस्तर के शिक्षकों ने फिल्म 'न्यूटन' की कहानी को केवल पर्दे पर नहीं देखा, बल्कि वास्तविक जीवन में जिया है। कठिन और संवेदनशील क्षेत्रों में चुनाव के दौरान शिक्षकों ने मतदान दलों के साथ पहुंचकर लोकतंत्र के महापर्व को सफल बनाया।

शिक्षकों को नमन, प्रतिभाओं को उड़ान देने का संकल्प

कार्यक्रम में जिपं सदस्य हुंगाराम मरकाम ने कहा कि सुकमा के शिक्षकों ने विपरीत परिस्थितियों में शिक्षा की लौ को बुझने नहीं दिया। अब आवश्यकता इस बात की है कि इसी समर्पण को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से जोड़ा जाए। प्रशासन और सरकार की ओर से उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का लाभ लेकर सुकमा के बच्चे राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा साबित करें। शिक्षक दिवस के अवसर पर जिपं सीईओ मुंकुद ठाकुर ने जिले के शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि सुकमा में अब शिक्षा की लड़ाई केवल स्कूल तक पहुंचने की नहीं, बल्कि देश के सर्वश्रेष्ठ संस्थानों तक पहुंचने की है।

प्रोटोकॉल भुला प्रशासन

कार्यक्रम के दौरान सुकमा नगर के प्रथम नागरिक कहे जाने वाले हुंगाराम मरकाम का नाम स्वागत में भुला दिया गया जबकि शासकीय कार्यक्रम में उनका क्रम दूसरे या तीसरे क्रम में आना चाहिए था। हालांकि बाद में याद दिलाने से उद्घघोषक ने बिना किसी खेद के अंत में नाम लिया। इसी तरह कुसुमलता का नाम परियोजना सलाहकार समिति की अध्यक्ष के बजाय जनपद अध्यक्ष के तौर पर पुकारा गया जबकि प्रोटोकॉल में उनका नाम परियोजा सलाहकार समिति के तौर पर पहले लिया जाना चाहिऐ।

आस्था के धाम मां दंतेश्वरी के चरणों में सांसद ने परिवार संग की पूजा अर्चना

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

दंतेवाड़ा जिले स्थित प्रसिद्ध मां दंतेश्वरी शक्तिपीठ में बस्तर लोकसभा सांसद महेश कश्यप ने परिवार के साथ पहुंचकर विधिवत पूजा अर्चना की और माँ दंतेश्वरी का आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने माता से बस्तर अंचल सहित समस्त क्षेत्रवासियों के

- **मां दंतेश्वरी से क्षेत्र की सुख समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की**

सुख,समृद्धि,शांति एवं खुशहाली की कामना की।

ज्ञात हो कि, बस्तर के इतिहास में माँ दंतेश्वरी की आस्था का विशेष महत्व रहा है। बस्तर की धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं में माँ दंतेश्वरी को आराध्य देवी के रूप में विशेष स्थान प्राप्त है। बस्तर में शासन करने वाले विभिन्न राजवंशों द्वारा भी माँ दंतेश्वरी की आराधना कर उनका आशीर्वाद प्राप्त करने की परंपरा रही है। यही कारण है कि मां दंतेश्वरी का शक्तिपीठ बस्तर की आस्था, संस्कृति और गौरवशाली परंपराओं का अभिन्न केंद्र माना जाता है। आज भी बस्तरवासियों के मन में माँ दंतेश्वरी के प्रति वही श्रद्धा,विश्वास और भक्ति विद्यमान है।

सांसद महेश कश्यप ने कहा मां दंतेश्वरी का पावन शक्तिपीठ बस्तर की धार्मिक एवं सांस्कृतिक आस्था का प्रमुख केंद्र है। यह मंदिर सदियों से श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र रहा है। देश विदेश से बस्तर आने वाले श्रद्धालु एवं पर्यटक माँ दंतेश्वरी के दर्शन के लिए दंतेवाड़ा अवश्य पहुंचते हैं। आज परिवार के साथ माता के चरणों में शीश नवाकर बस्तर की सुख शांति,समृद्धि और क्षेत्रवासियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

युवाओं का हक छीनने वाली कांग्रेस को साय सरकार ने दिखाया आईना

दंतेवाड़ा। भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री एवं मीडिया पैनलिस्ट रामू नेताम ने बस्तर फाइटर्स में 4600 आरक्षकों की सीधी भर्ती के निर्णय का जोरदार स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और भाजपा सरकार का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि साय सरकार ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि बस्तर के युवाओं के अधिकार और रोजगार की चिंता भाजपा ही करती है। रामू नेताम ने कहा कि बस्तर फाइटर्स की भर्ती में संबंधित जिले के स्थानीय निवासी होना अनिवार्य किया जाना कांग्रेस की उस राजनीति का करारा जवाब है, जिसमें बस्तर के युवाओं के अधिकारों को कमजोर किया गया। स्थानीय बोली जानने वाले अभ्यर्थियों को 20 बोनस अंक, स्थानीय महिलाओं को 30 प्रतिशत, तीन वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके होमगार्ड्स को 25 प्रतिशत और पूर्व सैनिकों को 10 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान सरकार की स्थानीय हितों के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि 4600 पद सिर्फ आंकड़ा नहीं, बल्कि बस्तर के हजारों परिवारों के सपनों, उम्मीदों और युवाओं के भविष्य से जुड़ा अवसर है। चयनित जवानों को एनपीएस अथवा यूपीएस में से किसी एक पेंशन योजना का विकल्प देना भी कर्मचारी हित में महत्वपूर्ण निर्णय है। रामू नेताम ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में बस्तर के स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता देने वाली व्यवस्था को कमजोर किया गया।

ग्रामीणों को संतुलित आहार, कुपोषण की रोकथाम, स्वच्छता पर किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

राष्ट्रीय पोषण सप्ताह के अवसर पर एसबीआई फाउंडेशन एवं परिवर्तन समाज विकास समिति, बस्तर के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम पंचायत घाटकवाली बस्तर में पोषण एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण समुदाय को संतुलित आहार, कुपोषण की रोकथाम, स्वच्छता एवं महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में परिवर्तन समाज विकास समिति के जिला समन्वयक सूरज पटनायक ने ग्रामीणों को संतुलित आहार के महत्व की जानकारी देते हुए बताया कि स्वस्थ जीवन के लिए भोजन में प्रोटीन, विटामिन, खनिज पदार्थ, कार्बोहाइड्रेट एवं आवश्यक पोषक तत्वों का उचित संतुलन होना आवश्यक है। डॉ. सामेल कुमार नाग ने विशेष रूप से बच्चों में पोषण एवं कुपोषण से बचाव के विषय में जानकारी दी। उन्होंने बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए नियमित एवं पौष्टिक आहार की आवश्यकता पर जोर दिया। वहीं लैब टेक्नीशियन पल्लवी पांडे ने कुपोषण की पहचान एवं उससे बचाव के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। फार्मासिस्ट रवींद्र पोयम ने स्वच्छता एवं पोषण के आपसी संबंध पर प्रकाश डालते हुए व्यक्तिगत एवं आसपास की स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान टीम द्वारा स्थानीय एवं आसानी से उपलब्ध खाद्य पदार्थों के उपयोग, गर्भवती महिलाओं के लिए संतुलित एवं पौष्टिक आहार, बच्चों के पोषण, कुपोषण से बचाव तथा माहवारी स्वच्छता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर उपलब्ध पौष्टिक खाद्य सामग्री को दैनिक आहार में शामिल करने के लिए भी प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में तामेश्वरी मौर्य सरपंच, कमल भद्रे सचिव, केवली कश्यप मितानिन, सूरज पटनायक जिला समन्वयक, डॉ. सामेल कुमार नाग, डॉक्टर रवींद्र पोयम फार्मासिस्ट, पल्लवी पांडे लैब टेक्नीशियन, संवारी बघेल स्टाफ नर्स एवं अशोक बघेल पायलट सहित परिवर्तन समाज विकास समिति की टीम एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों को स्वस्थ एवं पोषणयुक्त जीवनशैली अपनाने तथा कुपोषण की रोकथाम में सामुदायिक भागीदारी सुनिश्चित करने का संदेश दिया गया।

ग्रामीणों की मूलभूत सुविधा की मांग के बाद कलेक्टर व सीईओ ने किया दौरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोन्टा

कोन्टा विकासखंड मेटागुड़ा गांव के ग्रामीण दो दिन पहले स्कूल, आंगनबाड़ी भवन सहित विभिन्न मांगों को लेकर ट्रैक्टर से जिला मुख्यालय पहुंचे थे। ग्रामीणों की समस्याओं को सुनने के बाद कलेक्टर अमित कुमार जिला पंचायत सीईओ मुकुंद ठाकुर सहित प्रशासनिक अमला शुक्रवार को किस्ताराम से करीब 20 किलोमीटर दूर पालाचलमा पंचायत के मेटागुड़ा गांव पहुंचा। अधिकारियों ने गांव में ग्रामीणों के साथ चर्चा कर उनकी आवश्यकताओं और स्थानीय समस्याओं की जानकारी ली। गांव पहुंचने पर कलेक्टर एवं अधिकारियों ने पेड़ के नीचे ग्रामीणों के साथ चौपाल लगाई। इस दौरान मेटागुड़ा में आंगनबाड़ी भवन और आमापेंटा में प्राथमिक शाला भवनों के निर्माण के लिए स्वीकृति आदेश दी गई। ग्रामीणों की अन्य मांगों पर भी अधिकारियों ने संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। इस दौरान ग्रामीणों ने गांव में बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं और अपनी अपेक्षाओं से प्रशासन को अवगत कराया।

सिंचाई सुविधा के विस्तार के लिए गांव में नहर विकास कार्यों के साथ वीबी जी रामजी के तहत तालाब निर्माण की स्वीकृति दी गई है। इससे सिंचाई सुविधा बढ़ाने के साथ स्थानीय स्तर पर ग्रामीणों को रोजगार मिलने की संभावना है।

विद्यार्थियों ने संभाली शिक्षकों की भूमिका

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपालपटनम

डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल उल्लूर में शिक्षक दिवस उत्साह, खुशी और सम्मान के साथ मनाया गया। पूरा विद्यालय शिक्षक दिवस की भावना से सराबोर नजर आया। विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त करते हुए पूरे कार्यक्रम को विशेष बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

कार्यक्रम की शुरुआत विशेष प्रार्थना सभा से हुई, जिसमें पूरा कार्यक्रम शिक्षक दिवस पर केंद्रित रहा। विद्यार्थियों ने शिक्षक दिवस के महत्व पर भाषण दिए और विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से शिक्षकों के प्रति अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। प्रार्थना सभा के बाद विद्यार्थियों के लिए एक विशेष गतिविधि आयोजित की गई, जिसमें उन्होंने शिक्षकों की भूमिका निभाते हुए अपनी-अपनी कक्षाओं में जाकर पढ़ाया। विद्यार्थियों ने शिक्षक बनकर पूरे उत्साह और आत्मविश्वास के साथ कक्षा का संचालन किया। उन्होंने बच्चों को पढ़ाने के साथ-साथ कक्षा में शिक्षक की तरह जिम्मेदारियां भी निभाईं। इस दौरान उनके पढ़ाने के तरीके, आत्मविश्वास, प्रस्तुति और कक्षा संचालन को देखते हुए अलग-अलग तरीके से मूल्यांकन किया गया। यह गतिविधि विद्यार्थियों के लिए एक अलग और सीखने वाला अनुभव रही, जिससे उन्हें शिक्षक की जिम्मेदारी और उनके कार्य की कठिनाइयों को समझने का अवसर मिला। इसके बाद विद्यालय में मुख्य कार्यक्रम की शुरुआत हुई। कार्यक्रम की सजावट से लेकर बैठने की व्यवस्था और अन्य तैयारियों तक की पूरी जिम्मेदारी विद्यार्थियों ने स्वयं संभाली। विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत और रचनात्मकता से विद्यालय परिसर को आकर्षक रूप दिया और कार्यक्रम की सभी व्यवस्थाओं को बहुत अच्छे तरीके से संभाला। प्राचार्य पी. वेणुगोपाल राव के साथ सभी शिक्षक एवं कर्मचारी कार्यक्रम में शामिल हुए। विद्यार्थियों ने सभी शिक्षकों का आत्मीय स्वागत किया, तिलक लगाया और उनका सम्मान किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों से आशीर्वाद भी लिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने शिक्षक दिवस के अवसर पर शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। जूनियर और सीनियर वर्ग के विद्यार्थियों ने अलग-अलग नृत्य प्रस्तुत किए, जिन्हें सभी ने खूब सराहा। विद्यार्थियों ने शिक्षक दिवस के महत्व पर अपने विचार रखते हुए भाषण भी प्रस्तुत किए। उनकी प्रस्तुतियों में शिक्षकों के प्रति सम्मान, स्नेह और कृतज्ञता की भावना स्पष्ट दिखाई दी। वहीं शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों के साथ अपनी खुशी साझा करते हुए गीत और नृत्य की प्रस्तुति दी, जिससे कार्यक्रम का माहौल और भी खुशनुमा हो गया। समारोह को और मनोरंजक बनाने के लिए शिक्षकों के लिए अलग-अलग खेलों का आयोजन किया गया। म्यूजिकल चेयर, बैलून गेम सहित कई मनोरंजक खेलों में शिक्षकों ने उत्साह के साथ भाग लिया। खेलों के दौरान विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों का उत्साह बढ़ाया और पूरे कार्यक्रम में हंसी-खुशी का माहौल बना रहा। शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों के साथ इस अवसर का भरपूर आनंद लिया। विद्यार्थियों द्वारा शिक्षकों के लिए खाने-पीने की भी विशेष व्यवस्था की गई। विद्यार्थियों ने पूरे मन से शिक्षकों की सेवा और स्वागत किया।

17 वर्ष देश सेवा के बाद जवान लौटे गृह ग्राम बालेंगा

बस्तर। एसएसबी में 17 वर्षों तक देश की सेवा करने के बाद जवान छविश्याम सेन रविवार को सेवानिवृत्त होकर अपने गृह ग्राम बालेंगा लौटे। उनके आगमन पर बस्तर से बालेंगा तक बाइक रैली निकाली गई। रैली में सैकड़ों युवाओं और ग्रामीणों ने बाइक से भाग लिया। डीजे की देशभक्ति धुनों पर परिजन और ग्रामीण जमकर थिरके। बस्तर, बड़े पारा, अम्बेडकर चौक सहित मार्ग में जगह-जगह ग्रामीणों ने फूल-मालाओं से जवान का आत्मीय स्वागत किया। भारत माता की जय और जय हिन्द के नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। बालेंगा पहुंचने पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर पिता रघुप्रसाद सेन, माता विमला बाई सेन, पत्नी झमित सेन सहित समस्त परिवार मौजूद रहा। ग्रामीणों ने कहा कि जवान ने 17 वर्षों तक सीमाओं पर रहकर देश की सेवा की है, उन पर पूरे बस्तर को गर्व है। देश सेवा पर गर्व है के नारों के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

शिक्षक दिवस पर सजा सम्मान का मंच, 20 शिक्षक हुए सम्मानित

कोण्डागांव। शिक्षक दिवस के अवसर पर शनिवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्तरीय मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण समारोह का गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले जिले के 20 शिक्षकों को शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया तथा सम्मान राशि का चेक प्रदान किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त शिक्षकों का भी सम्मान कर उनके दीर्घकालीन योगदान के प्रति व्यक्त की गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम ने महान दार्शनिक एवं आदर्श शिक्षक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को नमन करते हुए सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि शिक्षक के पास जितना ज्ञान है, उसे अधिक से अधिक विद्यार्थियों और समाज तक पहुंचाने का संकल्प होना चाहिए। शिक्षक केवल विद्यार्थियों को विषय का ज्ञान ही नहीं देता, बल्कि उनके व्यक्तित्व, संस्कार और भविष्य को भी दिशा प्रदान करता है।

त्याग और समर्पण से शिक्षा को नई दिशा दे रहे शिक्षक: विधायक टेकाम ने कहा कि समारोह में सम्मानित किए गए 20 शिक्षक जिले के सभी शिक्षकों का प्रतिनिधित्व करते हैं। जिले के सभी शिक्षक सम्मान के पात्र हैं, जिन्होंने वर्षों तक त्याग, तपस्या और समर्पण के साथ अपनी सेवाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षकों का सम्मान करना हम सभी के लिए गर्व की बात है।

माओवाद के दौर और बदलाव से नई पीढ़ी को अवगत कराएं : विधायक नीलकंठ टेकाम ने माओवाद की चुनौती का उल्लेख करते हुए कहा कि देश ने लंबे समय तक माओवाद की समस्या का सामना किया। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी को यह जानना आवश्यक है कि माओवाद के दौर में क्षेत्र ने क्या खोया और माओवाद से मुक्ति के बाद शांति एवं विकास के रूप में क्या हासिल किया।

भाजपा की जिला कार्यसमिति बैठक हुई सम्पन्न

कोण्डागांव। भारतीय जनता पार्टी जिला कोण्डागांव की प्रति माह आयोजित होने वाली जिला कार्यसमिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में कोण्डागांव विधायक लता उसेंडी एवं जगदलपुर नगर निगम के महापौर संजय पांडे उपस्थित रहे। बैठक में संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों और बूथ स्तर तक पार्टी की गतिविधियों को प्रभावी ढंग से पहुंचाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए विधायक लता उसेंडी ने कार्यकर्ताओं को प्रेरित करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रहित और जनसेवा के कार्यों के प्रति अत्यंत समर्पित हैं। उनकी कार्यशैली और सेवा भावना से प्रेरणा लेते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं को भी पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ संगठन के कार्यों में जुटना चाहिए।

बूथ स्तर तक पहुंचने पर दिया जोर : लता उसेंडी ने कहा कि कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर तक पहुंचकर संगठन को मजबूत करने के साथ ही जनसेवा के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पार्टी की गतिविधियों को आमजन तक पहुंचाने और संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का आह्वान किया।

सेवा संकल्प अभियान की दी जानकारी: जगदलपुर नगर निगम के महापौर संजय पांडे ने आगामी 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले सेवा संकल्प अभियान के संबंध में कार्यकर्ताओं को विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने अभियान के उद्देश्यों और प्रस्तावित कार्यक्रमों की रूपरेखा से अवगत कराया।

जन–जन तक अभियान पहुंचाने की अपील : संजय पांडे ने कार्यकर्ताओं से सेवा संकल्प अभियान को जन–जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अभियान के माध्यम से सेवा और संगठन की गतिविधियों को व्यापक स्तर पर लोगों तक पहुंचाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को सक्रियता के साथ अपनी भूमिका निभानी होगी।

खबर संक्षेप

श्रद्धा राज्य स्तरीय नारी सम्मान से सम्मानित

जगदलपुर। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग द्वारा रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय 'नारी सम्मान' समारोह में बस्तर जिले के सखी वन स्टॉप सेंटर की प्रशासक श्रद्धा श्रीवास्तव को सम्मानित किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जारी आदेश के तहत उन्हें महिलाओं को सुरक्षा एवं विधिक संरक्षण प्रदान करने के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए इस प्रतिष्ठित सम्मान हेतु नामांकित किया गया था। यह समारोह मुख्यमंत्री के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े सहित अन्य मंत्रीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित प्रतिभागियों को महिलाओं के संवैधानिक एवं कानूनी अधिकारों, लैंगिक समानता, विधिक संरक्षण और साइबर सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई। इसी मंच पर प्रदेश भर में संकटग्रस्त महिलाओं को तत्काल राहत और पुनर्वास सहायता उपलब्ध कराने वाली सखी वन स्टॉप सेंटर की केंद्र प्रशासकों तथा नवा बिहान योजना की जिला संरक्षण अधिकारियों को उनके सराहनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया, जिसमें बस्तर से श्रद्धा श्रीवास्तव शामिल रहीं।

पीजी महाविद्यालय में मना शिक्षक दिवस

जगदलपुर। शहर के शासकीय पीजी स्वशासी महाविद्यालय के प्राणीशास्त्र विभाग में शिक्षक दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा गरिमापूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों का पुष्पगुच्छ, श्रीफल एवं बैच लगाकर सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं भारती तथा साथियों द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से हुआ। इसके पश्चात जूनियर्स की ओर से स्नेहा एवं प्रेरणा द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। एमएससी तृतीय सेमेस्टर की छात्रा चंचल ने शिक्षकों के महत्व पर भाषण दिया, वहीं जूनियर छात्रा सुहानी दाऊद ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन एवं योगदान पर विचार व्यक्त किए। सुपर सीनियर सोनम राठौर का पुष्पगुच्छ एवं श्रीफल से सम्मान किया गया। विभागाध्यक्ष प्रो. सुशील कुमार दत्ता ने शिक्षक दिवस के महत्व एवं टीचर शब्द की सार्थकता पर विद्यार्थियों को संबोधित किया। कार्यक्रम के अंत में विभाग की सचिव अंजली कश्यप ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। तत्पश्चात केक कटिंग के साथ सीनियर्स एवं जूनियर्स ने शिक्षकों को उपहार भेंट कर सम्मानित किया। समारोह उत्साह एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

मैत्री संघ संस्था ने किया उत्कृष्ट शिक्षकों को सम्मानित

जगदलपुर। शिक्षक दिवस पर बंगाली संस्था मैत्री संघ के द्वारा शिक्षकों के सम्मान एवं अभिनंदन हेतु संस्था प्रांगण में समारोह आयोजित किया गया। संस्था द्वारा अपने शिक्षकों के अमूल्य योगदान मार्गदर्शन एवं समर्पण के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उनका सम्मान किया गया। सीएमएचओ संजय बसाक एवं मैत्री संघ संस्था के वरिष्ठ सदस्य संतोष पाल के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित शिक्षकों के सम्मान एवं अभिनंदन समारोह में श्रीमती इंद्राणी नंदी (रिटायर्ड प्राचार्य), रविन्द्रनाथ विश्वास (प्राचार्य मैत्री संघ विद्या निकेतन स्कूल), रीना दास (रिटायर्ड हेड मास्टर), रेबा बोस (व्याख्याता), अनुपमा साहा (हेड मास्टर) एवं सीमा घोष (व्याख्याता) को पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मैत्री संघ संस्था के अध्यक्ष दीपक घोष, संयुक्त सचिव देवव्रत बराल, संजीव शील कोषाध्यक्ष देवाशीष चौधरी, सांस्कृतिक सचिव विश्वजीत भट्टाचार्य सहित संस्था के सदस्य एवं स्कूल की शिक्षक शिक्षिकाएं सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।

शिक्षक केवल पाठ्यक्रम पूरा करने वाला नहीं, बल्कि जीवन निर्माता : नेमा

शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में एनएसएस ने मनाया शिक्षक दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर रविवार की सुबह बीएड भवन कालीपुर में शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों एवं एनएसएस स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. शरद नेमा रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. विनोद कुमार सोनी, अतिविशिष्ट अतिथि डॉ. सुकृता तिर्की, विशिष्ट अतिथि डॉ. संजीवन कुमार, डॉ. भुवनेश्वर साहू तथा डॉ. विनय प्रताप सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन प्रेमजीत निराला ने किया। समारोह का शुभारंभ अतिथिगण द्वारा भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके पश्चात उपस्थित स्वयंसेवकों द्वारा सरस्वती वंदना एवं एनएसएस लक्ष्य गीत की सुमधुर प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में पहुंचे अतिथिगण का स्वागत एनएसएस के महादलनायक मिथलेश यादव, सह महादलनायक भागीरथी नेताम, महादलनायिका सुश्री धरमी ठाकुर, गोपाल, खेमसिंह, कमलेश, खिलेश्वरी, निकिता एवं अन्य एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा पुष्पगुच्छ एवं एनएसएस बैच भेंट कर किया गया। कार्यक्रम का स्वागत उद्बोधन महादलनायक मिथलेश यादव ने दिया। डॉ. शरद नेमा ने शिक्षक दिवस के महत्व पर कहा कि शिक्षक केवल पाठ्यक्रम पूरा करने वाला व्यक्ति नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के जीवन को दिशा देने वाला मार्गदर्शक होता है। उन्होंने अपने जीवन के अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल ज्ञान अर्जित करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में विवेक, अनुशासन, संस्कार एवं मानवीय मूल्यों का विकास करना है।

शिक्षक कुम्हार और छात्र गीली मिट्टी के समान

डॉ. सुकृता तिर्की ने अपने संबोधन में छात्रों को गीली मिट्टी तथा शिक्षक को कुम्हार के रूप में समझाते हुए कहा कि जिस प्रकार कुम्हार गीली मिट्टी को आकार देकर उपयोगी एवं सुंदर रूप प्रदान करता है, उसी प्रकार शिक्षक विद्यार्थियों के जीवन को ज्ञान, संस्कार एवं शिक्षा के माध्यम से सही दिशा प्रदान करते हैं। उन्होंने गुरु-शिष्य संबंध एवं शिक्षा के महत्व पर प्रेरणादायी विचार व्यक्त किए। डॉ. विनोद कुमार सोनी ने भी शिक्षक दिवस के अवसर पर अपने विचार रखे। उन्होंने शिक्षकों के योगदान, विद्यार्थियों के प्रति उनकी जिम्मेदारी तथा शिक्षा के माध्यम से समाज निर्माण के महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ. संजीवन कुमार, समन्वयक, एनएसएस ने भी छात्रों के बीच विस्तार से अपने विचार व्यक्त किए।

कचरे से भरा ट्रैक्टर लेकर नगर पालिका कार्यालय पहुंचे प्रदर्शनकारी

कचरा डंपिंग पर फूटा लोगों का गुस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

- नेता प्रतिपक्ष के नेतृत्व में प्रदर्शन
- बदबू, धुआं और गंदगी से परेशान लोगों ने कहा- सफाई के नाम पर सिर्फ दिखावा, जल्द समाधान नहीं हुआ तो होगा बड़ा आंदोलन

शहर को स्वच्छ रखने के लिए नगर पालिका की ओर से लगातार जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं, लेकिन दूसरी ओर जिला मुख्यालय के वार्ड क्रमांक 6 में कचरा डंपिंग की समस्या ने नगर पालिका की सफाई व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। वार्ड में जगह-जगह कचरा डंप किए जाने और कचरा जलाए जाने से स्थानीय लोग बदबू, धुएं और गंदगी से परेशान हैं। इसी समस्या को लेकर रविवार को वार्ड पार्षद एवं नेता प्रतिपक्ष आयशा हुसैन के नेतृत्व में वार्डवासियों ने डंपिंग स्थल पर विरोध प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिला, पुरुष और युवा शामिल हुए। प्रदर्शन के दौरान लोगों ने नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताते हुए कचरा डंपिंग की व्यवस्था तत्काल बदलने की मांग की। वार्डवासियों का कहना था कि लंबे समय से कचरे के कारण उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कचरे के ढेर में आग लगने से उठने वाला धुआं आसपास के रहवासियों के लिए परेशानी का कारण बन रहा है। वहीं आवारा मवेशियों के कचरे में विचरण करने से उनके भी घायल होने अथवा बीमार पड़ने का खतरा बना हुआ है।

डंपिंग स्थल पर प्रदर्शन समाप्त करने के बाद प्रदर्शनकारी कचरे से लदे ट्रैक्टर को लेकर सीधे नगर पालिका परिषद कार्यालय पहुंचे। यहां कचरे को कार्यालय के सामने रखकर नगर पालिका की सफाई व्यवस्था के प्रति विरोध जताया गया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि जब पूरे शहर से कचरा उठाकर एक वार्ड में डंप किया जा रहा है तो इसकी जिम्मेदारी भी नगर पालिका को ही समझनी चाहिए। हरिभूमि में प्रकाशित खबर में भी वार्ड क्रमांक 6 में कचरे के ढेर और डंपिंग व्यवस्था को लेकर सवाल उठाए गए थे। खबर के अनुसार, शहर के अलग-अलग हिस्सों से निकलने वाला कचरा वार्ड-6 क्षेत्र में डंप किया जा रहा है, जिससे आसपास के लोगों को दुर्गंध और अन्य परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

बदबू और धुएं से बुरा हाल

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि नगर पालिका प्रशासन की लापरवाही के कारण पूरे वार्ड में बदबू और धुएं से लोगों का बुरा हाल है। उन्होंने कहा कि कचरे से निकलने वाले धुएं से बच्चे और बुजुर्ग प्रभावित हो रहे हैं। कई बार नगर पालिका में शिकायत किए जाने के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही डंपिंग ग्राउंड को यहां से हटाने और कचरा जलाने पर रोक लगाने की कार्रवाई नहीं की गई तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। वहीं नगर कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद हुसैन बाबा ने नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि पूरे शहर का कचरा एक ही वार्ड में लाकर डालना कहां का न्याय है। उन्होंने आरोप लगाया कि नगर पालिका स्वच्छता के नाम पर अभियान तो चला रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है।

आश्वासन के बाद खत्म हुआ प्रदर्शन

नगर पालिका कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन के दौरान जिम्मेदार अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों से चर्चा कर समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। इसके बाद आंदोलन समाप्त किया गया। प्रदर्शन में पार्षद शेख नजीर सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी मौजूद रहे।

आश्वासन या धरातल पर दिखेगा असर

अब सवाल यह है कि अधिकारियों का आश्वासन धरातल पर कब दिखाई देगा। शहर में स्वच्छता अभियान और जागरूकता कार्यक्रम चलाने के साथ-साथ कचरा उठाने, उसका सुरक्षित निपटान करने और डंपिंग स्थलों की नियमित निगरानी की प्रभावी व्यवस्था करना भी नगर पालिका की जिम्मेदारी है। वार्डवासियों की नजर अब इस बात पर है कि विरोध के बाद प्रशासन कचरा डंपिंग की समस्या का स्थायी समाधान करता है या मामला फिर आश्वासन तक सीमित रह जाता है।

आयुष स्वास्थ्य शिविर में ग्रामीणों को मिला निःशुल्क उपचार

जगदलपुर। आयुष विभाग एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में विकासखंड मुख्यालय तोकापाल में विकासखंड स्तरीय आयुष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन विधायक विनायक गोयल की उपस्थिति में किया गया। इस शिविर में दूर-दराज के ग्रामीण अंचलों से पहुंचे कुल 547 हितग्राहियों ने शिविर में अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराकर निःशुल्क दवाइयों का लाभ प्राप्त किया। शिविर में आयुष चिकित्सा पद्धति के माध्यम से वात, पित्त, स्त्री रोग, मधुमेह, उदर रोग एवं चर्म विकार सहित कई जटिल रोगों से पीड़ित मरीजों की विस्तृत जांच कर उपचार एवं परामर्श दिया गया। इसके साथ ही मौसमी बीमारियों से बचाव और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से लगभग 350 नागरिकों को आयुष काढ़े का निःशुल्क वितरण किया गया। नेत्र परीक्षण दल द्वारा आंखों की जांच कर जरूरतमंद मरीजों को मौके पर ही निःशुल्क चश्मे प्रदान किए गए।स्वास्थ्य विभाग द्वारा आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार करते हुए मौके पर ही आयुष्मान कार्ड स्क्रीनिंग, आभा आईडी निर्माण, टीबी जांच, डिजिटल एक्स-रे तथा विभिन्न पैथोलॉजी लैब परीक्षणों की सुविधा उपलब्ध कराई गई। इस शिविर की सबसे बड़ी विशेषता विभिन्न विभागों का सशक्त समन्वय रही। कार्यक्रम में तोकापाल के अनुविभागीय दंडाधिकारी शंकर लाल सिन्हा, जिला आयुष अधिकारी डॉ. मोहनिश साहू, तहसीलदार यशोदा केतारप, जनपद पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी नीलू तिर्की सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। शिविर के सफल आयोजन और संचालन में शिविर प्रभारी डॉ. सरोज मेहर, डॉ. यशवंत बघेल, डॉ. सिद्धार्थ बस, डॉ. पीके दास सहित आयुष विभाग के फार्मासिस्टों एवं औषधालय सेवकों ने सराहनीय भूमिका निभाई।

राजमहल के पास मीना बाजार का विरोध, स्थल बदलने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- दंतेश्वरी मंदिर आस्था का केंद्र और मीना बाजार मनोरंजन का माध्यम, संकरी सड़कों पर व्यावसायिक आयोजन से जनसुरक्षा को खतरा : नवनीत

बस्तर दशहरा के दौरान मां दंतेश्वरी मंदिर एवं राजमहल परिसर के समीप प्रस्तावित मीना बाजार को लेकर बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा एवं जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) ने जिला प्रशासन से तत्काल स्थल परिवर्तन की मांग की है। संगठनों ने जनहित और सुरक्षा को देखते हुए मीना बाजार को लालबाग अथवा किसी अन्य बड़े, खुले एवं सुरक्षित मैदान में आयोजित कराने का सुझाव दिया है। स्थानीय नागरिकों ने भी हस्ताक्षरयुक्त आवेदन देकर इसका विरोध किया है।

मुख्य संयोजक नवनीत चाँद ने कहा कि पिछले वर्षों में भी इस विषय पर आपत्तियां दर्ज कराई गई हैं और डब्ल्यूपीपीआईएल क्रमांक 85/2024 में जनसुरक्षा से जुड़े विषय न्यायिक रिकॉर्ड का हिस्सा रहे हैं। मंदिर से 5 किलोमीटर की दूरी को जनसुरक्षा की दृष्टि से प्रशासनिक सुरक्षा क्षेत्र माना जाना चाहिए। त्योहार के दौरान घनी आबादी और सीमित मार्गों के बीच व्यावसायिक आयोजन से भीड़ नियंत्रण, आपातकालीन निकासी, एंबुलेंस और अग्निशमन वाहनों के लिए बड़ा खतरा पैदा हो सकता है। प्रशासन को दुर्घटना के बाद राहत के बजाय दुर्घटना से पहले रोकथाम की नीति अपनानी चाहिए।

संगठनों ने मांग की है कि यदि वर्तमान स्थल पर ही आयोजन किया जाता है, तो अनुमति से पहले संयुक्त सुरक्षा जांच कराई जाए। इसके साथ ही पर्याप्त आपातकालीन निकास, एंबुलेंस मार्ग, स्थानीय लोगों का आवागमन, स्वच्छता, ध्वनि नियंत्रण, सीसीटीवी निगरानी, प्रवेश-निकास की लाइव काउंटिंग और एकीकृत नियंत्रण कक्ष की व्यवस्था अनिवार्य हो। वैज्ञानिक आधार पर अधिकतम सुरक्षित क्षमता तय किए बिना टिकट बिक्री की अनुमति न दी जाए तथा अग्नि, विद्युत, चिकित्सा और यातायात की सभी आवश्यक वैधानिक स्वीकृतियां पहले प्राप्त की जाएं।

बारिश के बीच फुटबॉल का रोमांच, यंग स्टार और जंगबाज एफसी ने दर्ज की शानदार जीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- नागरनार को 4-1 से और धरमपुरा को 1-0 से हराया

इंदिरा स्टेडियम में चल रही जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में रविवार को खेले गए मुकाबलों में खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन के साथ बारिश के बीच खेल का अद्भुत रोमांच भी देखने को मिला। खराब मौसम और लगातार हो रही रिमझिम बारिश के बावजूद खिलाड़ियों का उत्साह चरम पर था। प्रतियोगिता के मैच नंबर 14 में यंग स्टार एफसी ने एनवाईसी नागरनार को 4-1 से करारी शिकस्त दी, जबकि दिन के दूसरे मैच में जंगबाज एफसी ने यूथ क्लब धरमपुरा को बेहद कड़े मुकाबले में 1-0 से पराजित किया। बारिश के बावजूद इन दोनों रोमांचक मुकाबलों को देखने के लिए बड़ी संख्या में खेलप्रेमी दर्शक मैदान में डटे रहे और तालियां बजाकर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते नजर आए।

पहले मुकाबले में यंग स्टार एफसी ने शुरुआत से ही आक्रामक खेल दिखाया और प्रतिद्वंदी टीम पर लगातार दबाव बनाए रखा। टीम के स्टार खिलाड़ी डुमेंद्र ने मैच के 7वें मिनट में ही शानदार मैदानी गोल कर यंग स्टार को शुरुआती बढ़त दिलाई। इसके बाद आक्रामक खेल जारी रखते हुए गणेश ने 30वें मिनट में एक और गोल कर टीम का स्कोर 2-0 कर दिया। हालांकि, एनवाईसी नागरनार ने मैच के 41वें मिनट में जगन्नाथ के गोल की बदौलत जोरदार वापसी की उम्मीद जगाई, लेकिन दूसरे हाफ में यंग स्टार ने अपना दबाव और बढ़ा दिया। रोहन ने 51वें मिनट में काउंटर अटैक पर गोल कर टीम की बढ़त को 3-1 कर दिया। इसके बाद गणेश ने 58वें मिनट में अपना दूसरा और टीम का चौथा गोल दागकर यंग स्टार की एकतरफा जीत सुनिश्चित कर दी। मैच के दौरान एनवाईसी नागरनार के सुंदरलाल को रेफरी द्वारा पीला कार्ड दिखाया गया। मुकाबले में बिस्वजीत भट्टाचार्य ने मुख्य रेफरी की भूमिका निभाई, जबकि सूर्यकांत झाड़ी, पवन मगराज और अगेंद्र नाग सहयोगी रहे।

वहीं, दूसरे मुकाबले में गीले मैदान पर जंगबाज एफसी और यूथ क्लब धरमपुरा के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला। मैच का निर्णायक गोल 18वें मिनट में जंगबाज एफसी के कमलेश (जर्सी नंबर 13) ने किया। इसके बाद धर्मपुरा ने बराबरी के लिए लगातार हमले किए, लेकिन जंगबाज के मजबूत डिफेंस ने सभी प्रयासों को विफल कर दिया। अंतिम मिनटों में धरमपुरा को गोल के सुनहरे अवसर मिले, लेकिन वे उन्हें भुना नहीं सके। आखिरकार जंगबाज एफसी ने 1-0 से जीत दर्ज की। इस मैच में सोहन बघेल, सुमीत नाग, दीपक धनेरिया और मोतीलाल पोयम ने रेफरी की भूमिका निभाई।

चुन्नीलाल बने मंडी बोर्ड व मंडी कर्मचारी महासंघ के प्रांतीय अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- संगठन को और अधिक मजबूत, प्रभावी बनाने का लिया संकल्प

छत्तीसगढ़ मंडी बोर्ड एवं मंडी कर्मचारी महासंघ के प्रांतीय अध्यक्ष तथा प्रांतीय सचिव पद के लिए बहुप्रतीक्षित निर्वाचन प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न हो गई है। इस निर्वाचन में प्रांतीय अध्यक्ष पद के लिए चार दिग्गज उम्मीदवारों ने अपनी सशक्त दावेदारी प्रस्तुत की थी, जिसमें मतदान और गहन मतगणना के उपरांत चुन्नीलाल ध्रुव को सर्वाधिक मत प्राप्त होने पर विजयी घोषित किया गया। वहीं, दूसरी ओर शुभम सोनी निर्विरोध प्रांतीय सचिव के पद पर निर्वाचित घोषित किए गए।

आधिकारिक मतगणना से मिले अंतिम आंकड़ों के अनुसार, अध्यक्ष पद के कड़े मुकाबले में चुन्नीलाल ध्रुव को 339 मत, मालिक राम पोर्ते को 188 मत, नंद किशोर सोनी को 122 मत तथा रवि तिवारी को केवल 13 मत प्राप्त हुए। इस प्रकार ध्रुव को सर्वाधिक मत प्राप्त होने पर उन्हें छत्तीसगढ़ मंडी बोर्ड एवं मंडी कर्मचारी महासंघ का प्रांतीय अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया। इस पूरे निर्वाचन के दौरान प्रदेश भर से आए कर्मचारियों में भारी उत्साह और सकारात्मक माहौल देखा गया।

नवनिर्वाचित प्रांतीय अध्यक्ष ध्रुव एवं प्रांतीय सचिव शुभम सोनी ने संयुक्त रूप से सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे कर्मचारियों के हितों, संगठन की एकता व मजबूती तथा मंडी कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से कार्य करेंगे। इसके साथ ही नवनिर्वाचित प्रांतीय अध्यक्ष एवं प्रांतीय सचिव ने कमलेश एक्का एवं पोर्ते द्वारा प्रबंध संचालक मंडी बोर्ड के विरुद्ध व्यक्तिगत द्वेष के चलते किए गए आधारहीन एवं अनर्गल आरोपों की सामूहिक निंदा की। इस अवसर पर महासंघ के उपस्थित पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने संगठन को और अधिक मजबूत तथा प्रभावी बनाने का संकल्प लिया।

मोदी के 25 वर्ष पूर्ण होने पर 'सेवा संकल्प अभियान' पर कार्यशाला

प्रधानमंत्री का सार्वजनिक जीवन राष्ट्रसेवा में प्रेरणादायी उदाहरण : महेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दन्तेवाड़ा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में सेवा, समर्पण एवं राष्ट्रहित के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भाजपा द्वारा 'सेवा संकल्प अभियान' का आयोजन 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक किया जाएगा। तैयारियों एवं आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता की अध्यक्षता में भाजपा जिला कार्यालय, चितालंका में जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में सांसद महेश कश्यप उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला संगठन प्रभारी शिवनारायण पाण्डेय, प्रदेश उपाध्यक्ष जी. वेंकट , जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता , छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य ओजस्वी मण्डावी, जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविंद कुंजाम , सांसद प्रतिनिधि नवीन विश्वकर्मा, सातो मण्डल अध्यक्ष एवं मण्डल महामंत्री सहित भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संयोजक एवं जिला महामंत्री मुन्ना मरकाम ने अभियान की रूपरेखा एवं आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी। वहीं मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी रामू नेताम, कुणाल ठाकुर, जिला पदाधिकारी, विभिन्न मोर्चा एवं प्रकोष्ठों के पदाधिकारी तथा भाजपा के वरिष्ठ एवं कनिष्ठ कार्यकर्तागण उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री का सार्वजनिक जीवन राष्ट्रसेवा, जनसेवा, त्याग, समर्पण और संगठन के प्रति निष्ठा का प्रेरणादायी उदाहरण है। उन्होंने अपने जीवन के प्रत्येक क्षण को राष्ट्रहित एवं जनकल्याण के लिए समर्पित किया है। प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री के 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन में सेवा, सुशासन और राष्ट्रहित सर्वोपरि रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश ने विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त किया है और समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास एवं जनकल्याण की योजनाओं का लाभ पहुंचाने का कार्य निरंतर जारी है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री के 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन की यात्रा प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा संकल्प अभियान को दन्तेवाड़ा जिले के प्रत्येक मंडल एवं बूथ स्तर तक प्रभावी रूप से पहुंचाया जाए तथा अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित की जाए। कार्यशाला में अभियान के अंतर्गत आयोजित होने वाले विभिन्न सेवा एवं जनसंपर्क कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई।